### एक नजर में

## आंजनी मे हरिनाम सप्ता का हुआ शानदार आयोजन



**मोहखेड़।** उमरानाला नगर के आंजनी ग्राम में विगत दिवस चौधरी परिवार में फग्गू चौधरी के निवास पर श्री हरिनाम सप्ता का आयोजन किया गया श्री श्री हीरामन महाराज प्रदत्त ढाई सौ वर्ष प्राचीन पताका के पूजन से सप्ता प्रारंभ हुआ। जिसमें गोपाल महाराज खंडाते, क्रुनाल महाराज पातुरकर के रामाकोना बाल गोपालों द्वारा दिंडी यात्रा में फुगड़ी, रथ, कीर्तन एवं नृत्य की प्रस्तुतियां दी गई। दो दिवसीय हरिनाम सप्ता कार्यक्रम में 12 भजन मंडल ने उपस्थित होकर अखंड कीर्तन में अपनी प्रस्तुतियां दी। राधा कृष्ण, शंकर व संत तुकाराम की सुंदर झांकी व भजनों ने श्रोताओं का मन मोह लिया। समग्र पूजन विधिविधान से आचार्य पं प्रकाश गौतम के करकमलों संपन्न हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तगण ने पुण्य लाभ अर्जित किया।

## महिला कांग्रेस ने मनाई सावित्री बाई फुले की जयंती




**छिंदवाड़ा।** महिला कांग्रेस सेवादल के द्वारा स्थानीय राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय में सावित्री बाई फुले की जयंती मनाई गई। पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सावित्री बाई के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। जिला महिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष डॉ. शबाना यास्मीन खान ने भारत की प्रथम महिला शिक्षिका एवं महान समाज सुधारिका सावित्री बाई फुले की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। अन्य वक्ताओं ने सावित्रीबाई फुले के जीवन एवं संघर्षों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने महिला शिक्षा और सामाजिक समानता की मजबूत नींव रखी। आयोजित कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश कपाले, राकेश मरकाम, शिव सिसराम, सिंधु यादव, रश्मी धुर्वे, कनिजा कुरेशी, रवीना कोचे, शन्नो कुमरे, रमशिला उइके, सविता बुनकर, मनोज मसकोले, समिका कारियाम, पप्पू पाल एवं आलिया बानो (चांदामेटा अध्यक्ष) उपस्थित रहीं।

## 5 को विशाल सर्वआदिवासी सामाजिक जनजागृति सम्मेलन

**दमुआ।** मवासी समाज सामाजिक समिति गोरखघाट द्वारा वर्ष 2026 का 5 जनवरी 2026 सोमवार को विशाल सर्वआदिवासी सामाजिक जनजागृति सम्मेलन का आयोजन किया गया है गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी नववर्ष में दमुआ से भूराभगत मुख्य मार्ग से 1 किमी गुरूगाथा पीड़ा मंच. गोरखघाट में यह आयोजन हो रहा है जिसमें समाज को दुनियां के बराबर लाने हेतु समाज को शिक्षित जागरूक और संगठित करने की आवश्यकता पर बल दिया जायेगा,साथ ही समाज में व्याप्त कुरीतियों तथा अधंविश्वास को खत्म कर अपनी संस्कृति को बचाये रखने,सामाजिक एकता व जागरूकता में सहयोगी बनने का आवाहन किया जायेगा इस विशाल और भव्य आयोजन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से सामाजिक लोग पधार रहे हैं,आयोजित कार्यक्रम के तहत सोमवार 5 जनवरी को प्रात 10 से 10:30 बजे तक गुरू गाथा का पूजन, प्रातः 10:30 बजे से 11:30 बजे तक मुख्य अतिथियों का स्वागत, तद् पश्चात विशेश अतिथियों का स्वागत होगा, दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक समाजहित में उद्बोधन दिया जायेगा,दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा, अतः में भोजन प्रसाद का वितरण किया जायेगा समिति द्वारा आवहान किया गया है लोग आदिवासी वेश भूषा में ही उपस्थित होवें।

## 5 एवं 7 को वन परिक्षेत्र दमुआ द्वारा अनुभूति शिविर का आयोजन

**दमुआ।** वन परिक्षेत्र दमुआ परिक्षेत्र द्वारा 5 जनवरी सोमवार को कांग्रला बीट के अंतर्गत नदी के पास अनुभूति शिविर 2025-26 कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसकी थीम होगी हम है धरती के दूत परिक्षेत्र अधिकारी धर्मेन्द्र शर्मा ने बताया कि इसी तरह का आयोजन रामपुर बीट में तवा नदी पर 7 जनवरी को किया जायेगा, कांग्रला के आयोजन में शा. उच्च. माध्यमिक विद्यालय नन्दन, शासकीय कन्या स्कूल कालीछापर के 120 छात्र छात्रायें तथा रामपुर के कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर के 120 छात्र छात्रायें हम है धरती के दूत थीम के तहत अनुभूति के आयोजन में भाग लेगें।

## छह जनवरी को गांधी गंज से निकलेगी इंदिरा ज्योति यात्रा

**छिंदवाड़ा।** जिला मुख्यालय स्थित गांधी गंज से 06 जनवरी 2025 दिन मंगलवार को इंदिरा ज्योति यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा में सम्मिलित यात्रीगण देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के योगदान, देशहित में उनके कृतित्व को जन-जन तक पहुंचाएंगे। श्री भास्कर राव रोकड़े के नेतृत्व में निकाली जाने वाली इस यात्रा में पूर्व मंत्री पीसी शर्मा व सुरेन्द्र सिंह ठाकुर भी उपस्थित रहेंगे। गांधी गांज में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि सरजूदास वैष्णव अतिथि होंगे। दिनांक 06 जनवरी 2026 को गांधी गंज से इंदिरा ज्योति यात्रा प्रारंभ होगी। यात्रा सिवनी, बालाघाट व नरसिंहपुर होते हुए सम्पूर्ण मप्र के जिलों तक पहुंचेगी।

विरोध

भ्रष्टाचार का पुतला दहन करेंगी कांग्रेस

# नगर पालिका परिषद का घेराव करेगी कांग्रेस कमेटी

**नवभारत न्यूज**
**परासिया, 3 जनवरी, सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में भ्रष्टाचार की बातें उल्लिखित होने के मामले में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगर पालिका परिषद परासिया का घेराव कर भ्रष्टाचार का पुतला दहन करेगी।**

कांग्रेस कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन उक्ताशय की जानकारी देते हुए ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कमल राय ने बताया कि बीते दिनों नगर के कुछ जागरूक लोगों ने सोशल मीडिया पर नगर पालिका अध्यक्ष और ठेकेदार के बीच कमिशन को लेकर हुई बातचीत का ऑडियो वायरल करते हुए नगर पालिका में पनप रहे भ्रष्टाचार को उजागर किया है जिससे यह सिद्ध होता है कि भाजपा नीत नगर पालिका में जमकर कमीशन खोरी चल रही है इसी मुद्दे को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी परासिया 8जनवरी को पैदल मार्च करते हुए कांग्रेस नपा कार्यालय के समक्ष भ्रष्टाचार का पुतला दहन करेगी।



कांग्रेस कार्यालय में उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारी ने इंदौर में दूषित पेयजल से हुई दर्जनों मौत के मामले में मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि ट्रिपल इंजन सरकार में भले ही भाजपा सरकार विकास के वादे करें लेकिन जमीनी हकीकत सब कुछ बयां कर रही है। आयोजित संवाददाता सम्मेलन में ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कमल राय, नेता प्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह बसंत मालवी, चंद्रभूषण डेहरिया, विवेक शर्मा, नप अध्यक्ष अनुपमा राय, भरत डेहरिया, प्रतिभा सोनी, गगन खंडूजत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कमेटी पदाधिकरी उपस्थित रहे।

### इंदौर की घटना पर कांग्रेस करेगी विरोध प्रदर्शन, आज घंटा बजाकर विरोध जताया जाएगा

**छिंदवाड़ा।** इंदौर में भाजपा शासित नगर पालिक निगम द्वारा सप्लाई किए गए मल, मूत्र युक्त गंदा पानी पीने से 15 लोगों की असमय मौत हो गई। 2800 से अधिक लोग इलाजरत है। इस संवेदनशील मुद्दे पर प्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा मीडिया के प्रश्न के जवाब में अशोभनीय टिप्पणी फ्घंटाफ् का उपयोग करना अमानवीयता व निरंकुशता की निशानी है। केन्द्र की मोदी व प्रदेश की मोहन सरकार सत्ता के मद में चूर है। इनको जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने कहा कि आज दिनांक 04 जनवरी 2026 दिन रविवार को भाजपा के विधायक व सांसद के निवास के सामने घंटा बजाकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। जहां भाजपा के विधायक नहीं है, वहां भाजपा के विधानसभा प्रत्याशी के निवास के सामने यह प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस के समस्त विधानसभा प्रभारी, शहर अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, समस्त प्रभारी व समस्त पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया है कि आवश्यक रूप से विरोध प्रदर्शन कर भाजपा सरकार को जनता की संवेदनाओं के प्रति जगाएं।

## नागपुर और कानपुर ने जीता मैच, टी 20 प्रतियोगिता का दूसरा दिन




**नवभारत न्यूज**
**परासिया, 3 जनवरी, यूनिक क्रिकेट एकेडमी के तत्वाधान में आयोजित अखिल भारतीय टी 20-20 लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन पहला मैच भानु प्रताप प्रयागराज विरुध्द एनसीए नागपुर के मध्य खेला गया द्य जिसमें नागपुर ने टास जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया द्यप्रयागराज ने निर्धारित 20 ओवर में 147 रन बनाकर आल आउट हो गई।**

जिसमें वर्तुल शुक्ला ने 49 बाल में 58 रन बनाए वही एरिक चौहान ने 3 ओवर में 26 रन देकर महत्वपूर्ण 5 विकेट छटके द्य नागपुर की टीम ने 12.4 ओवर में मिले लक्ष्य 147 रन को 4 विकेट खोकर बनाकर इस मैच को 6 विकेट से जीत लिया द्य जिसमें आलोक तिवारी ने 13 बाल में 42 रन जिसमें 6 छक्के 1 चौका लगाया एवं केशव ने 10 बाल में 21 रन बनाए जिसमें 3 चौके ओर 1 छक्का लगाया। दूसरा मैच फोर सीजन कानपुर विरुध्द शाहीन क्लब जम्मू-कश्मीर के मध्य खेला गया। कश्मीर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया ओर उन्होने निर्धारित 20 ओवर में 130 रन 9 विकेट खोकर बनायेद्य इस पारी में शिवेंद्र ने 4 ओवर में 16 रन देकर 3 महत्वपूर्ण विकेट लिए द्य दूसरी पारी में कानपुर की टीम ने 18.2 ओवर में 134 रन 8 विकेट खोकर इस मैच को 2 विकेट से जीत लिया द्य मैन आफ द मैच कानपुर के श्री शिवेंद्र रहे जिन्होंने 4 ओवर में 16 रन देकर 3 महत्वपूर्ण विकेट लिए । 04जनवरी को पहला मैच शिवाजी दिल्ली विरुध्द बैतूल एकेडमी के मध्य एवं दूसरा मैच एनसीए नागपुर एवं डी सी ए शहडोल के मध्य खेला जायेगा ।

## एसबीआई की सीएसआर पहल : छात्राओं को मिली साइकिलें

**नवभारत न्यूज**
**मोहखेड़, 3 जनवरी, भारतीय स्टेट बैंक द्वारा कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) के अंतर्गत साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय स्टेट बैंक शाखा उमरानाला द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्रीय प्रबंधक आदरणीय संजय श्रीवास्तव के करकमलों से साइकिलों का वितरण किया गया।**



कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक विलास जोगने, ग्राम पंचायत ईकलबिहरी(उमरानाला) के सरपंच शैलेंद्र धारे, मोहखेड मंडल अध्यक्ष गगन घटकड़े, लिंगा मंडल अध्यक्ष घनश्याम कड़वे, पूर्व सरपंच रवि भाऊ झोड़ सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भंडारकुंड एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सारंगबिहारी की छात्राओं को साइकिलें वितरित की गई। अतिथियों ने छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करते हुए कहा कि साइकिल मिलने से विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी और बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार एवं ग्रामीणजनों ने भारतीय स्टेट बैंक की इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

### विशाल भव्य गदा यात्रा का आयोजन

#### 5 जनवरी को परासिया में

**परासिया।** कार्यक्रम समिति के सदस्य रिंकू घोरके ने बताया कि श्री हनुमान जी महाराज सेवा समिति द्वारा विशाल भव्य गदा यात्रा का आयोजन सोमवार, 5 जनवरी 2026 को किया जा रहा है। यह धार्मिक यात्रा सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगी। कार्यक्रम के अंतर्गत 151 किलो वजनी गदा भेंट की जाएगी। दोपहर 3 बजे हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा, जिसके साथ यात्रा का समापन होगा। इसके पश्चात शाम 4 बजे राम खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया जाएगा। यह आयोजन चौकी माहोल्ला, वार्ड क्रमांक 08, कन्हैया विहार, परासिया में संपन्न होगा। आयोजकों में संयोजक मनोज डहरिया, संजय यादव, राज बंदेवर ने नगर एवं आसपास के समस्त श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## इंदौर की घटना से नप चांदामेटा ने लिया सबक स्वच्छ पेयजल आपूर्ति की बनाई रणनीति

**नवभारत न्यूज**
**परासिया, 3 जनवरी, दूषित पेयजल से इंदौर में हुई 15 मौत से नगरपरिषद चांदामेटा ने सबक लेते हुए चांदामेटा नगर में स्वच्छ पेय जल आपूर्ति की रणनीति बनाते हुए पेयजल आपूर्ति सेवा में लगे सभी कर्मचारियों को सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं।**



समस्त जलप्रदाय प्रभारी विनोद मिश्रा सहायक श्याम यादव समस्त वार्डो के जलप्रदाय स्पलाईकर्ता को बैठक में निर्देषित दिया गया कि अपने अपने वार्डो में लीकेचं पाईप लाईन को चिन्हित कर तत्काल सुधार कार्य किया जावे। नाला एवं नालियों से पाईप लाईन कनेके शन दिया गया है उस तत्काल प्रभाव से हटाकर अन्य स्थान के कनेके शन प्रदाय किया जावे। साथ वार्ड क्रमांक 13 श्मशान घाट कुआ के आस पास फैंसिंग कार्य कर कुऑ की सुरक्षित किया जावे। वार्ड क्रमांक 01, 02,12,13 एवं 15 में स्थिति कुऑ को कवर कर जाली लगाया जावे। अध्यक्ष गोविन्द बजोलिया एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी भरत गजबे द्वारा सभी प्रभारीयों को निर्देशित किया गया कि किसी भी कर्मचारियें द्वारा कार्य में लापरवाही वरती गई जो संबंधित की विरूद्व कार्यवाही की जावेगी। बैठक में उपाध्यक्ष अमजद खान सभापति ब्रजकुमारी सरेयाम, विधायक प्रतिनिधि राकेश शर्मा , स्वच्छता प्रभारी अशोक सरवैया, लोक निर्माण प्रभारी विनोद मिश्रा ,प्रवीण भादे , अरूण पटेल, मुकेश जोहरे उपस्थित रहे।

## मंडल अध्यक्ष ने एसआईआर की बूथवार समीक्षा करते हुए तैयार की आगामी संगठन कार्यक्रमों की रूपरेखा

### भाजपा छिंदवाड़ा धरमटेकडी नगर मंडल क्र.1 की महत्वपूर्ण कामकाजी बैठक सांसद कार्यालय में संपन्न हुई

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 3 जनवरी, भाजपा छिंदवाड़ा धरमटेकडी नगर मंडल एक के अंतर्गत महत्वपूर्ण कामकाजी बैठक भाजपा मंडल अध्यक्ष सौरभ ठाकुर की अध्यक्षता में सांसद कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में बूथ अध्यक्ष, बीएलए, महामंत्री और स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित हुए।**



बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष सौरभ ठाकुर द्वारा बूथ पदाधिकारियों से निर्वाचन आयोग द्वारा चलाये जा रहें मतदाता सूची पुनरीक्षण एसआईआर कार्यक्रम की बुथवार चर्चा कर समीक्षा की गई, साथ ही अधिक से अधिक नवमतदाताओं के नाम जोड़ने एवं नई ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी होने के पश्चात उसमें आ रही त्रुटियों को सुधारने हेतु पदाधिकारी को निर्देश दिया गये।

बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए बूथ स्तर पर भाजपा संगठन को मजबूत करने हेतु कहा गया। बैठक में प्रमुख रूप से पिछडा मोर्चा अध्यक्ष जागेन्द्र अल्डक, पार्षद सभापति मनोज सक्सेना, महामंत्री ओम चौरसिया, कमलेश कवरेती, शंशाक चन्देल, ब्रजेश शुक्ला, पंकज शर्मा, जितेन्द्र पिपले, अभिषेक राय, समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## बड़कुही की बेटी अर्कजा उईके बनी नेशनल फैशन शो विजेता

### जिले का नाम किया रोशन



**नवभारत न्यूज**
**बड़कुही / परासिया, 3 जनवरी, छिंदवाड़ा जिले के ग्राम बड़कुही की आदिवासी समाज की होनहार बालिका कुमारी अकेजा उईके ने नागपुर में आयोजित नेशनल लेवल ट्राइबल कम्प में कोया पुंगार एवं कोया मुराल फैशन शो में शानदार प्रदर्शन कर विजेता का खिताब अपने नाम किया।**

यह भव्य आयोजन नागपुर के डायरेक्टर भवन, बानामति सिविल लाइंस में आर एल प्रोडक्शन एवं टाइम्स एनजीओ के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न हुआ। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देशभर से आए लगभग 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें अर्कजा उईके ने अपनी अद्भुत प्रस्तुति, आत्मविश्वास और पारंपरिक आदिवासी संस्कृति की सुंदर झलक प्रस्तुत कर सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम के आयोजक प्राजक्ता आदित्य ताराम एवं कनाद मेश्राम थे। शो डायरेक्टर एवं फैशन कोरियोग्राफर के रूप में आर्चना तडसे प्रतियोगिता में बड़कुही की बेटी कुमारी अर्कजा उईके, पिता हरीश उईके एवं माता श्रीमती राखी उईके जो बड़कुई नगर आदिवासी समाज की अध्यक्ष है इनके सहयोग और मार्गदर्शन से मंच पर उतरीं और निर्णायक मंडल से प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर ग्राम बड़कुही सहित संपूर्ण छिंदवाड़ा जिले में हर्ष का वातावरण है। स्थानीय नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों ने अकेजा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। अकेजा उईके की यह सफलता ग्रामीण अंचल की बेटियों के लिए प्रेरणा बन गई है, जो यह सिद्ध करती है कि प्रतिभा किसी क्षेत्र की मोहताज नहीं होती।

सौगात

सांसद ने कुनबी समाज के निर्माणाधीन भवन हेतु 25 लाख रूपये की सांसद निधि देने की घोषणा की

# कुनबी समाज ने मुझे बेटा और भाई समझकर भरपूर आशीर्वाद दिया : सांसद

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 3 जनवरी, संत तुकाराम महाराज कुनबी समाज संगठन का नव वर्ष मिलन और स्वागत समारोह स्थान कॉलेज में आयोजित हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने कार्यक्रम कज़ संबज़धित करते हुए कहा कि लज़्कसभा के चुनाव में कुनबी समाज के सामाजिक बंधुओं ने मुझे बेटा और भाई समझकर भरपूर आशीर्वाद दिया है। इस ऐतिहासिक जीत में कुनबी समाज के सामाजिक बंधुओं का महत्वपुर्ण यज़्गदान रहा है।**



इस अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि सभी समाजज़ं की उन्नति और तरक्की के लिए भाजपा सरकार के द्वारा हर संभव सहयज़्ग दिया जा रहा है। में भी कुनबी समाज की उन्नति और तरक्की में सहयज़्ग देने के लिए हरदम तैयार हूँ। उन्हज़्ने पांढुरना में कुनबी समाज के निर्माणाधीन भवन हेतु 25 लाख रूपये की सांसद निधि देने की घोषणा की। जिसका सभी समाज बंधुओ ने ताली बजाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड़ उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व राज्य मंत्री नानाभाऊ मोहोड ने की। प्रमुख अतिथि के रूप में कुनबी समाज संगठन छिंदवाड़ा के अध्यक्ष चंद्रभान देवरे मौजूद रहे। समारोह में सैकड़ों की संख्या में कुनबी समाज की महिला, पुरुष और युवा आयोजन स्थल एतश कॉलेज में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन नरेंद्र बाम्बल और रामगोपाल भोयर ने किया वही कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन एतश कॉलेज के प्राचार्य विवेक राऊत ने किया।

### ढोल नगाड़े और आतिशबाजी के साथ हुआ स्वागत

कुनबी समाज संगठन वह सामाजिक बंधुओं ने ढोल नगाड़े और आतिशबाजी के साथ अतिथियों का भविष्य स्वागत किया। नगर सहित ग्रामीण अंचलों के कुनबी समाज की समितियां ने भी मंच पर पुष्प माला से अतिथियों का सत्कार किया। मंच से कुनबी समाज पांढुर्णा के अध्यक्ष रामराव टोनपे ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी और समाज की गतिविधियों को लेकर विस्तार से जानकारी साझा की। अतिथियों में सांसद बंटी विवेक साहू, पूर्व राज्य मंत्री नानाभाऊ मोहोड, भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहज़्ड़, कुनबी समाज संगठन छिंदवाड़ा के अध्यक्ष चंद्रभान देवर और पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती वैशाली महाले ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए अपनी बात रखी। मंच से सभी वक्ताओं ने समाज संगठन और समाज की गतिविधियों को सराहा। साथ ही नए पांढुर्णा जिले के विकास और उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान देने को लेकर तारीफ की। पूर्व राज्य मंत्री नानाभाऊ मोहोड़ और भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड़ ने भी मंच से कुनबी समाज के प्रत्येक कार्य में शत प्रतिशत सहयोग करने का आश्वासन दिया।